INDIAN SCHOOL SOHAR

TERM - 2 EXAMINATION ( 2019-2020)

No of printed pages: 4

कक्षा : VI | विषय : हिंदी | पूर्णांक : 80

दिनांक : 05 /03/20 | समय : 3 घंटे

---

सामान्य निर्देश : (1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क,ख, ग और घ।
(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(3) इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।
(4) प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न संख्या लिखना आवश्यक है।

---

## खंड-क (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

भारत त्योहारों का देश माना गया है।यहाँ प्रत्येक माह कोई न कोई त्योहार अवश्य मनाया जाता है।त्योहार हमारे जीवन में कई प्रकार से उपयोगी है जैसे-इनके आते ही हमारे नीरस जीवन में रस भर जाता है और दैनिक जीवन की व्यस्तता से हटकर ये हमें हमारे मित्रों, संबंधियों आदि के और करीब ले जाते हैं।भारत में दो प्रकार के त्योहार मनाए जाते हैं-राष्ट्रीय तथा धार्मिक।राष्ट्रीय त्योहार संपूर्ण राष्ट्र मिलकर मनाता है।इस दिन सभी कार्यालयों व विद्यालयों में अवकाश रहता है।राष्ट्रीय त्योहार हैं-स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, गांधी जयंती आदि।दूसरे प्रकार के त्योहार हैं-धार्मिक त्योहार।सभी धर्मो के अपने-अपने त्योहार होते हैं, परंतु भारत की विशेषता यह है कि यहाँ सभी धर्मों के लोग सभी त्योहारों को आपस में मिल-जुलकर मनाते हैं।चाहे ईद हो या दशहरा, गुरुपर्व हो या दीपावली सभी भारतवासी इन्हें मिलकर मनाते हैं। जब भी ये त्योहार आते हैं, अपने साथ ढेरों खुशियाँ और आशाएँ लेकर आते हैं।हमें याद रखना चाहिए कि चाहे हम सभी लोग वेश-भूषा, जाति-धर्म, भाषा आदि में अलग-अलग हैं परंतु हम सभी भारतवासी हैं।हम सभी को त्योहारों के द्वारा आपस में प्रेम और भाईचारा बनाए रखना चाहिए।

प्रश्न:

(क) त्योहार हमारे जीवन में किस प्रकार उपयोगी है? (2)

(ख) भारत में कितने प्रकार के त्योहार मनाये जाते हैं?उनके नाम लिखिए। (2)

(ग) त्योहार अपने साथ क्या लेकर आते हैं? (1)

(घ) गणतंत्र दिवस किस प्रकार का त्योहार है? (1)

(ङ) गद्यांश के आधार पर भारत की क्या विशेषता है? (1)

(च) भारत को कैसा देश माना गया है? (1)

(छ) 'प्रेम' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। (1)

(ज) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। (1)

## खंड-ख (व्याकरण)

प्रश्न **2.** निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए:- (3)

(क) आज्ञा का पालन करनेवाला

(ख) ऐसा स्थान जहाँ कोई भी व्यक्ति न रहता हो

(ग) जो पढ़ा-लिखा न हो

प्रश्न **3.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द खाली स्थान में लिखिए:- (3)

(क) जो कायर है, वह किसी……………… का सामना नहीं कर सकता।

(ख) बाज़ार में कभी तेज़ी तो कभी……………… होती है।

(ग) ……………… आदमी ने निर्बल आदमी को ज़मीन पर पटका।

प्रश्न **4.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए:- (3)

(क) अंग (ख) कुल (ग) बाल

प्रश्न **5.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:- (3)

(क) राजा (ख) घोड़ा (ग) कपड़ा

प्रश्न **6.** निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को छाँटकर उनके भेद का नाम लिखिए :- (3)

(क) वह लड़का चला गया, जो मोहन के साथ खेल रहा था।

(ख) मुझे घर जाना है ।

(ग) आज मीता स्वयं गाड़ी चलाएगी।

प्रश्न **7.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के कारक-भेद लिखिए :- (3)

(क) माँ ने सोने के कंगन खरीदे हैं।

(ख) मोहित पेड़ पर चढ़ रहा है।

(ग) पिताजी हम सभी के लिए मिठाइयाँ लाए।

प्रश्न **8.** निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद का नाम लिखिए :- (4)

(क) राहुल ने काली गाड़ी खरीदी।

(ख) बाहर कोई व्यक्ति आपको बुला रहा है।

(ग) तुम बाज़ार से दस किलो चावल लेकर आओ।

(घ) मेरा भाई छठी कक्षा में पढ़ता है।

## खंड-ग (पाठ्य-पुस्तक)

प्रश्न **9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उपयुक्त उत्तर लिखिए:-

जुलाई से अक्टूबर, घनघोर बारिश के महीने! यानी लोगों के पास बहुत सारा खाली वक्त या कहो आस-पास के जंगलों से बाँस इकट्ठा करने का सही वक्त। आमतौर पर वे एक से तीन साल की उम्र वाले बाँस काटते हैं। बूढ़े बाँस सख्त होते हैं और टूट भी जाते हैं। बाँस से शाखाएँ और पत्तियाँ अलग कर दी जाती हैं। इसके बाद ऐसे बाँसों को चुना जाता है जिनमें गाँठें दूर-दूर होती हैं। दाओ यानी चौड़े, चाँद जैसी फाल वाले चाकू से इन्हें छीलकर खपच्चियाँ तैयार की जाती हैं। खपच्चियों की लंबाई पहले से ही तय कर ली जाती है। मसलन, आसन जैसी छोटी चीज़ें बनाने के लिए बाँस को हरेक गठान से काटा जाता है। लेकिन टोकरी बनाने के लिए हो सकता है कि दो या तीन या चार गठानों वाली लंबी खपच्चियाँ काटी जाएँ। आमतौर पर खपच्चियों की चौड़ाई एक इंच से ज़्यादा नहीं होती है।

(क) बाँस इकट्ठा करने का सही समय कब होता है? (1)
(ख) 'मसलन' शब्द का अर्थ लिखिए। (1)
(ग) बूढ़े बाँस कैसे होते हैं? (1)
(घ) टोकरी बनाने के लिए कैसी खपच्चियाँ काटी जाती हैं? (1)
(ङ) आमतौर पर खपच्चियों की चौड़ाई कितनी रखी जाती है? (1)
(च) 'दाओ 'क्या है? (1)
(छ) पाठ का नाम व पाठ के लेखक का नाम लिखिए। (2)

प्रश्न **10.** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (6)

(क) घनघोर (ख) खत (ग) निर्भय (घ) आंगतुक (ङ) रौनक (च) सूराख

प्रश्न **11.** निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (4)

(क) अकसर (ख) निपुण (ग) बदलाव (घ) पेचीदा

प्रश्न **12.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:- (5)

(क) मनुष्य ने हाथ से बुनाई की कला किस पक्षी से सीखी होगी?
(ख) 'नौकर' पाठ के लेखक का नाम लिखिए।
(ग) ' मैं सबसे छोटी होऊँ ' कविता में बड़ा बनाकर माँ बच्ची को किसकी कहानी नहीं सुनाती?
(घ) किसी भी भाषा को सीखने से पहले हमें क्या सीखना होगा?
(ङ) मोहन के इलाज़ के लिए उसकी माँ और पिता ने किस-किस को बुलाया?
(च) हमारी धरती कितने वर्ष पुरानी है?
(छ) चिड़िया ने अंडे कहाँ पर दिए?

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर विस्तार में लिखिए:- (15)

(क) बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी ?

(ख) ' मैं सबसे छोटी होऊँ ' कविता में ऐसा क्यों कहा गया है कि बड़ा बनाकर माँ बच्चे को छलती है?

(ग) जवाहरलाल नेहरू ने संसार को पुस्तक क्यों कहा है?

(घ) आश्रम में काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गांधी जी अपनाते थे?

(ङ) 'नादान दोस्त' पाठ से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(च) 'संसार रूपी पुस्तक ही मनुष्य के विकास की गवाह है'- स्पष्ट कीजिए।

(छ) मोहन ने पेट दर्द का बहाना क्यों बनाया?

## खंड-घ (लेखन)

प्रश्न 14. आप बीमार हैं इसलिए दो दिन का अवकाश प्राप्त करने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए। (5)

अथवा

अपने मित्र को उसके जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- (5)

**(क)** खेलों का महत्त्व **(ख)** संगति **(ग)** राष्ट्रपिता-महात्मा गांधी

.....................................................समाप्त.....................................................